## महत्वपूर्ण एवं खास

### भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर 15 नवंबर को मनाया जाएगा जनजातीय गौरव दिवस

#### राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह होंगे मुख्य अतिथि

**रायगढ़ ।** भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर दिनांक 15 नवंबर 2024 को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रुप में मनाया जाएगा। कलेक्ट्रेट के सृजन सभाकक्ष में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जमुई बिहार से वर्चुअल रुप से जुड़कर इस समारोह का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर जिला रायगढ़ में राज्य सभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि होगें। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को सारी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम से जुड़ी तैयारियों के लिए विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

### ओपन स्कूल की 10वीं व 12वीं की परीक्षा आज से प्रारंभ

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन की ओपन स्कूल की तीसरी परीक्षा अब 14 नवंबर से शुरू होगी। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव 13 नवंबर को होने की वजह से तारीख में बदलाव किया गया है। पहले, बारहवीं की परीक्षा 11 नवंबर से और दसवीं की 13 नवंबर से होने वाली थी। लेकिन अब दोनों परीक्षाएं 14 से होगी। ओपन स्कूल की ओर से परीक्षा के लिए संशोधित समय- सारणी जारी की गई है। दोनों परीक्षाएं 29 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। पहली परीक्षा मार्च-अप्रैल में हुई थी। द्वितीय परीक्षा अगस्त में और अब तीसरी परीक्षा नवंबर में आयोजित की जा रही है।

### भिलाई स्टील प्लांट में फिर हादसा, धमन भट्टी 6 में गैस रिसाव, तीन मजदूर गंभीर

**दुर्ग/भिलाई (आरएनएस)।** दुर्ग जिले के भिलाई स्टील प्लांट में फिर एक बार हादसा होने की खबर है। बताया जा रहा है कि प्लांट के धमन भट्टी 6 में गैस रिसाव हुई है। जिससे 3 मज़दूर गंभीर रूप से घायल हो गये है। तीनों घायलों को उपचार के लिए सेक्टर 9 अस्पताल भर्ती किया गया है जिनमें से एक मज़दूर की हालत गंभीर है। मिली जानकारी के अनुसार भिलाई स्थित भिलाई स्टील प्लांट में बुधवार को ब्लास्ट फ नेंश में गैस रिसाव हुआ है जिसकी चपेट में आकर तीन मजदूर घायल हो गये है। तथा सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद सभी को तत्काल सेल के सेक्टर 9 हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बीएसपी का ब्लास्ट फर्नेश-6 में कैपिटल रिपेयर चल रहा था और इसको चालू करने के पहले ही फर्नेश का स्टोव हिट हो गया और स्टोर नंबर 18 में गैस रिसाव होने लगा जिससे तीन मजदूर मोहम्मद मेराज ,हरि चरण और मोहनलाल गुप्ता बुरी तरह से घायल हो गए । घायलों को प्रारंभिक उपचार देने के बाद तत्काल सेल के सैक्टर 9 के आईसीयू में एडमिट कराया गया है जहां सभी का इलाज जारी है। यह भी बताया जा रहा है कि मजदूर ठेकेदार द्वारा बिना किसी सुरक्षा उपकरणों के मजदूरों से काम करवाया जा रहा था। फिलहाल इस मामले की जांच की जा रही है।

### वाट्सअप में फर्जी डीपी लगाकर 5 लाख की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** अज्ञात आरोपी ने वाट्सअप पर फर्जी डीपी लगाकर 5 लाख रुपए ऐंठ लिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सन्नी जुमनानी 41 वर्ष कवितानगर अवंतिविहार खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने सिविल लाइन थाना में शिकायत किया कि अज्ञात आरोपी ने 97276-30576 वाट्सअप में प्रार्थी के भाई पुनीत परवानी का डीपी लगाकर फोन किया और 5 लाख रुपए ऐंठकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मालवाहक की टक्कर से स्कूटी सवार छात्रा का पैर कटा

**रायपुर (आरएनएस)।** यूनिवर्सिटी रोड मेन गेट के अंदर अज्ञात माल वाहक ऑटो ने स्कूटी सवार दो कॉलेज छात्राओं को टक्कर मार दिया। इस हादसे में एक छात्रा का पैर कटकर अलग हो गया। मामले में सरस्वती नगर पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सुनीता प्रजापति 52 वर्ष संतोषीनगर कृष्णानगर टिकरापारा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि प्रार्थिया की बेटी प्रियंका प्रजापति अपनी सहेली पूजा साहू के साथ स्कूटी से कॉलेज से नास्ता करने निकली थी, तभी यूनिवर्सिटी रोड मेन गेट के अंदर अज्ञात मालवाहक ऑटो ने स्कूटी को टक्कर मार दिया।

# कर्नल विप्लव त्रिपाठी के श्रद्धांजलि दिवस पर जिले के शहीद परिवारों का किया गया सम्मान

**शहीदों की वीर गाथा भावी पीढ़ी को बताना हमारा दायित्व -कलेक्टर कार्तिकेया गोयल**

रायगढ़







शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के श्रद्धांजलि दिवस के अवसर पर आज शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मेमोरियल ट्रस्ट रायगढ़ एवं जिला सैनिक कल्याण द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज आडिटोरियम में जिले के शहीद परिवारों का सम्मान कार्यक्रम आयोजन किया गया।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि आज एक महत्वपूर्ण दिन है, एक देशवासी होने के नाते जब हम सोचते हैं कि एक शहीद परिवार क्या दुख झेल रहा होगा, तो इसकी कल्पना करना ही हमें अन्दर से झकझोर देता है। जब हम कहते है कि कोई शहीद अमर रहे तो इस तरह के कार्यक्रम शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के परिवार द्वारा उनके नाम पर आयोजित किया जाता है साथ ही जिले के शहीद परिवारों को भी शामिल करते है, और उनकी वीर गाथा को स्मरण कराते है। ऐसे कार्यक्रम में शामिल होना मेरे लिए गर्व की बात है। हमारा दायित्व है कि यह सब हम अपने भावी पीढ़ी को बताए। भारतीय नागरिक होने के नाते सैन्य परिवार ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। हमें युवाओं को देश सेवा देश-भक्ति के साथ सैन्य सेवाओं के लिए प्रेरित करना चाहिए। शहीद परिवार के साथ प्रशासन के साथ पूरा समाज है, आपके दुख में हमारी संवेदना है।

शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी पिता सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि उनके बेटे के शहीद होने के पश्चात जिस तरह से वे असामान्य हो चुके थे लेकिन शहर के लोगों का स्नेह और संवेदना ने उन्हें ऊर्जा देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि सैन्य सेवाओं के संबध में जानकारी देने और युवाओं में रुचि जगाने के लिए हर वर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते है, इसी क्रम में शहीद परिवारों के सम्मान में यह कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी प्रकार एनडीए से चयनित सैनिक स्कूल रीवा के जरूरतमंद बच्चों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने की पहल की गई है।

छ.ग. उड़ीसा सब एरिया (कोसा) से कर्नल बरतवाल ने कहा कि तीन साल पूर्व जब इस घटना की जानकारी हुई तब परिवार की उस पीड़ा को हमने महसूस किया, क्योंकि हम सब एक परिवार है। हम सब उनके ऋणी रहेंगे, याद रखना होगा कि उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया है। नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी ने कहा कि यह श्रद्धांजलि से अधिक शौर्य दिवस कहे, हमे गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, हमें युवाओं को सैन्य सेवा में जाने और देश सेवा के लिए प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि आपको गर्व होना चाहिए कि आप ऐसे बच्चों के माता पिता है जिनके बच्चे देश के लिए बलिदान हुए है। हम सभी को गर्व के साथ श्रद्धांजलि देना चाहिए। महापौर जानकी काटजू ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमें उनके शौर्य पर गर्व है। एएसपी रामगोपाल करियारे ने गौरव दिवस के रूप में रेखांकित करते हुए कहा कि हमें युवाओं को सैन्य सेवाओं की जानकारी देने के साथ ही देश सेवा के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने अपने अनुभवों को भी साझा किया। इस दौरान जिले के 11 शहीद परिवारों का शाल एवं फल प्रदान कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर पार्षद सलीम निहारिया, कर्नल आशीष पाण्डेय जिला सैनिक कल्याण, जेएसपीएल से संजीव चौहान, प्राचार्य कार्मेल स्कूल सिस्टर कैरल, लेफ्टीनेंट नेवी मनीष पटेल, शौर्य नमन फाण्डेशन से अभिषेक गौतम, शिक्षिका पीएम केन्द्रीय विद्यालय यामनी देवांगन, चंद्रकांती साहू सहित स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं शहीद परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## रामलला दर्शन कर लौटे श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री से मिलकर जताया आभार

**श्रद्धालुओं ने कहा शासन की योजना से अयोध्या धाम के साथ काशी विश्वनाथ के हुए दर्शन**

रायगढ़



राम लला दर्शन योजना से अयोध्या धाम की यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर उनका आभार जताया। रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया भी इस दौरान उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने कहा कि सरकार की योजना से छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए राम लला जन्मभूमि के दर्शन का सौभाग्य मिल रहा है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। अयोध्या के साथ काशी विश्वनाथ के दर्शन का अवसर मिल रहा है।सबसे अच्छी बात यह है कि यात्रा में आने जाने और रुकने की कोई चिंता नहीं करनी पड़ती। सारा इंतेज़ाम शासन के द्वारा हो रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत गर्व कि बात है कि राम लला दर्शन योजना से श्रद्धालुओं को अपने प्रभु राम के दर्शन करवाने का अवसर हमें मिल रहा है। हम आगे तीर्थ यात्रा योजना पुन: शुरू करने जा रहे हैं।

इससे देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन का मौका प्रदेश के लोगों को मिलेगा। इस अवसर पर सुभाष पांडेयए शीला तिवारीए श्रीकांत सोमावार सुमित्रा यादवए धनेश्वरी केहराए तारा सावए जगमति साहूए सावित्री साहूए रमेश साव और मोहन यादव ने मुख्यमंत्री साय से मिलकर उनका आभार जताया।

## बालिका छात्रावास रायगढ़ में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

**छात्राओं को दी गई विधिक सहायता एवं सलाह हेतु जारी टोल फ्री नं. 15100 की जानकारी**

रायगढ़



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष डी.एल.एस.ए. के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में संसदीय स्थायी समिति द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अन्तर्गत विधिक सहायता के कामकाज की समीक्षा विषय पर प्रस्तुत रिपोर्ट में की गई सिफारिशों के अनुरूप माह नवम्बर में विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत 12 नवम्बर को बालिका छात्रावास रायगढ़ में विधिक साक्षरता शिविर 2024 का आयोजन किया गया।

विधिक साक्षरता शिविर में छात्रावास में रहने वाली बालिकाओं को नि:शुल्क विधिक सहायता, यौन उत्पीडऩ, उच्च शिक्षा, साईबर क्राईम, मानव तस्करी तथा नालसा द्वारा जारी विधिक सहायता एवं सलाह हेतु जारी टोल फ्री नं. 15100 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिसमें तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश जगदीश राम भगत ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि यौन उत्पीडऩ जैसी जघन्य अपराध का सामना स्कूल, कॉलेजों, कार्यक्षेत्र में बालिकाओं को करना पड़ता है, जिसकी शिकायत थाने में किया जाना चाहिए। इसी क्रम में न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी नेहा यति मिश्रा ने बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया तथा साईबर क्राइम की जानकारी देते हुए ऑनलाईन ठगी से बचने व सतर्क रहने के उपाय बताए। महिला एवं बाल विकास अध्यक्ष रायगढ़ चैताली रॉय ने बालिकाओं को मानव तस्करी के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें अपने साथ होने वाले अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी। इसी प्रकार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ अंकिता मुदलियार ने साईबर क्राईम के बारे में जानकारी के साथ नि:शुल्क विधिक सहायता एवं महिलाओं को मिलने वाले नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह हेतु जारी टोल फ्री नं. 15100 जानकारी दी। इस अवसर पर अधीक्षिका बालिका छात्रावास अजित कुमारी बेग एवं समस्त बालिका उपस्थित रही।

## धरमजयगढ़ वनमंडल का वन परिक्षेत्र लैलूंगा है हाथी प्रभावित क्षेत्र

**जंगली हाथी के हमले में हुई एक व्यक्ति की मौत पर पीड़ित परिवार को दी गई 25.000 रुपये की तत्कालिक सहायता**

**ग्रामीणों को हाथी प्रभावित क्षेत्रों में अन्य कार्यों हेतु नहीं जाने की दी जा रही समझाइश**

रायगढ़

धरमजयगढ़ वनमंडल के लैलूंगा वन परिक्षेत्र में जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान अघनु अगरिया (45 वर्ष) के रूप में हुई है, जो ग्राम बगुडेगा का निवासी था। हाथी ने घर का दीवाल तोड़ दिया थाए जिससे अघनु ने भागने की कोशिश की, लेकिन हाथी ने उसे पकड़ लिया और पटक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

वन विभाग ने पीड़ित परिवार को 25,000 रुपये की तत्कालिक सहायता दी है और मामले की जांच की जा रही है। वन अमले को मानव-हाथी द्वंद की रोकथाम के लिए हाई अलर्ट पर रखा गया है।

वन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 12 नवंबर 2024 की रात्रि राजपुर सर्किल स्टाप द्वारा ग्राम बगुडेगा, लगनटिकरा, बैगिनझरिया एवं लखपहरी में वन्य प्राणी हाथी की सूचना एवं हाथी की निगरानी स्टाफ द्वारा किया जा रहा था 13 नवंबर 2024 की सुबह परिसर रक्षक बगुडेगा योगेश कुमार लकड़ा के द्वारा सूचना दी गई कि ग्राम (लगनटिकरा) बगुडेगा के 01 व्यक्ति को जंगली हाथी द्वारा घायल कर दिया गया है। उक्त घटना की सूचना मिलने पर वन परिक्षेत्र अधिकारी लैलूंगा के साथ घटना स्थल गये व मृतक के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त किया गया। मृतक अघनु अगरिया वल्द गोहानू अगरिया उम्र 45 वर्ष लगभग साकिन बगुडेगा का निवासी है, घटना दिनांक 12 नवंबर 2024 की रात्रि जो घर में अकेला था हाथी द्वारा उनके घर का दिवाल तोड़ा जा रहा था। जिससे उनके कुत्ते की भौंकने की आवाज सुनकर अघनु द्वारा अपने घर से निकल कर देखा तो हाथियों द्वारा दीवार तोड़ा जा रहा है। उसे देखकर वह अपने घर से भागने की कोशिश किया जो लगभग 100 मी. की दूरी पर ही जंगली हाथी से आमना-सामना हो गया। जिससे जंगली हाथी द्वारा पकड़ लिया गया। वन्यप्राणी जंगली हाथी द्वारा पटकने से मौके पर ही अघनु अगरिया की मृत्यु हो गई। सुबह परिजनो द्वारा खोजबीन किया गया तो पता चला कि अघनु अगरिया मृत अवस्था में पाया गया। परिजनों द्वारा परिसर रक्षक बगुडेगा को सूचना दी गई, तथा घटना स्थल पर पहुंचकर मौका निरीक्षण किया गया कि अघनु अगरिया का शव कक्ष क्र.161 पी.एफ.. के लगभग 800 मी. दूरी पर पड़ा मिला एवं आसपास जंगली हाथी के पैरो के निशान स्पष्ट रूप से पाये गये जिससे प्रतीत होता है, कि अघनु अगरिया की मृत्यु वन्य प्राणी जंगली हाथी द्वारा किया गया है। तत्काल पुलिस बल के सहयोग से मृतक के शव को अग्रिम कार्यवाही हेतु सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र लैलूंगा लाकर रखा गया एवं दिनांक 13 नवंबर 2024 को सुबह पोस्ट मार्टम पश्चात् शव को परिजनो को सौप दिया गया। प्रकरण विवेचना में लेते हुये पीड़ित व्यक्ति के उत्तराधिकारी मृतक की धर्मपत्नी श्रीमति राजकुमारी अगरिया को तत्कालिक सहायता राशि 25 हजार रु दिया गया। एवं प्राथमिक प्रतिवेदन दर्ज कर प्रकरण क्र. 20925/02 दिनांक 13 नवंबर 2024 पंजीबद्ध किया गया। घटना के पूर्व मुनादी के माध्यम से ग्रामीणों को वन्यप्राणी जंगली हाथियों के गतिविधियों के बारे में सूचना दी जा रही थी एवं मृतक अघनु अगरिया को परिसर रक्षक बगुडेगा द्वारा शाम को वन्यप्राणी जंगली हाथियों की आमद की सूचना एवं समझाइश दिया गया था। प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही वन परिक्षेत्राधिकारी लैलूंगा द्वारा नियमानुसार की जा रही है।

धरमजयगढ़ वनमंडल का वन परिक्षेत्र लैलूंगा हाथी प्रभावित क्षेत्र है, उक्त घटना क्षेत्रों में जंगली हाथी विचरण की हाथी ट्रेकर्स के द्वारा हाथियों की लगातार ट्रैकिंग की जा रही है, जिसकी सूचना वाट्सअप गुरप के माध्यम से तथा हाथी मित्र दल के माध्यम से वन क्षेत्र एवं आस-पास के गांव में मुनादी कराकर तथा लाउडस्पीकर के माध्यम से एवं वन कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन हाथियों के विचरण की सूचना ग्रामीणों को दी जाती है तथा ग्रामीणों को हाथी प्रभावित क्षेत्रों में अन्य कार्यों हेतु नहीं जाने की समझाइश प्रतिदिन दिया जा रहा है तथा समूचे वन परिक्षेत्र लैलूंगा के वन अमले को मानव हाथी द्वंद की रोकथाम हेतु हाई अलर्ट पर रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

## हाईकोर्ट ने किया आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह पर दर्ज सभी मामलों को निरस्त

रायपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह को बड़ी राहत मिली है। आय से अधिक संपत्ति, देशद्रोह और ब्लैकमेलिंग मामले में दर्ज तीनों एफआईआर को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की बेंच ने रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि, उन्हें परेशान करने के लिए झूठे मामलों में फं साया गया है। किसी भी मामले में उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। बता दें कि 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह के खिलाफ 2021 में एसीबी ने सरकारी आवास सहित कई ठिकानों पर छापेमारी कर 10 करोड़ की अघोषित संपत्ति और कई संवेदनशील दस्तावेज़ बरामद किए थे। जीपी सिंह पर राजद्रोह का केस दर्ज किया गया था, जिसमें उन पर सरकार गिराने की साजिश रचने का आरोप था। जुलाई 2021 में उन्हें निलंबित किया गया और कुछ दिनों बाद राजद्रोह का केस दर्ज हुआ। जीपी सिंह 120 दिन रायपुर सेंट्रल जेल में रहे। आईपीएस जीपी सिंह के खिलाफ कांग्रेस पार्टी की पिछली सरकार के दौरान कार्रवाई की गई थी।

## तंत्र मंत्र जादू टोना कर गुप्त धन निकालने वाले गिरोह के 5 फ रार आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव । आरएनएस

तंत्र मंत्र जादू टोना कर गुप्त धन निकालने के नाम पर ग्राम पंचायत मरोड़ा के सरपंच से सात लाख रूपये की ठगी करने के मामले में फरार पांच आरोपियों को पुलिस ने महाराष्ट्र के चंद्रपुर से ङ्क्षगरफ्तार कर लिया है। मामले में दो आरोपी पहले की गिरफ्तार किये गये है। बता दें कि लक्ष्मण मंडावी सरपंच ग्राम पंचायत मरोड़ा के घर 1 वर्ष पूर्व महाराष्ट्र के कुछ लोग आए और उन्हें बोले कि उनके घर में सोना आदि गुप्त धन गड़ा हुआ है जिसे वे लोग तंत्र मंत्र व दिव्य शक्ति के माध्यम से निकाल सकते है और यदि गड़ा हुआ पुराना धन नहीं निकालोगे तो आपके घर में आकस्मिक मृत्यु होगी। गड़ा धन निकालने के लिए तंत्र मंत्र जादू टोना करने के नाम पर 7 आरोपियों परवीन सेगर,अरविंद सेगर , बंडू शिंदे,युवराज शिंदे,हीरालाल जगताब, रामकृष्ण झाड़ेकर,साहेबराव सेगर सभी निवासी जिला यवतमाल महाराष्ट्र ने प्रार्थी लक्ष्मण मंडावी से 7 लाख रुपए की ठगी की । प्रार्थी लक्ष्मण मंडावी की रिपोर्ट पर थाना बांदे में धारा 448,420,147 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर आरोपियों की पतासजी की जा रही थी। पूर्व में बांदे पुलिस टीम मामले के दो आरोपियों बंडू शिंदे और हीरालाल जगताब को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया था जबकि 5 आरोपी फरार चल रहे थे जिनकी पतासाजी की जा रही थी। मामले मं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर आई के एलेसेला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर डा प्रशांत शुक्ला ,पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर रवि कुजूर ,थाना प्रभारी बांदे जितेंद्र साहू के मार्गदर्शन में फ रार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थाना बांदे से टीम महाराष्ट्र भेजी गई थी। जिन्होंने चंद्रपुर महाराष्ट्र से आज दिनांक 13/112024 को शेष 5 फ रार आरोपी साहेबराव सेगर,परवीन सेगर,अरविंद सेगर,युवराज शिंदे और रामकृष्ण झाड़ेकर की गिरफ्तारी कर न्यायिक रिमांड में पेश किया।

## धान खरीदी शुरू होने से पहले अवैध धान पर बड़ी कार्यवाही, 407 बोरी धान जब्त : अवैध धान की आवक रोकने निगरानी दल सक्रिय

**अवैध रूप से भंडारित धान के विरुद्ध संयुक्त जांच दल की कार्यवाही**

**कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सतत निरीक्षण के दिए हैं निर्देश**

रायगढ़



14 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने जा रही है। धान खरीदी को लेकर एक ओर जहां उपार्जन केंद्रों में सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं अवैध धान की आवक रोकने निगरानी दल भी सक्रिय हो गई हैं। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने इसको लेकर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए हुए हैं।इसी क्रम में आज अवैध धान भंडारण पर बड़ी कार्यवाही करते हुए तीन मामलों में कुल 407 बोरी धान जप्त किया गया है। छिछोर उमरिया में जांच दल द्वारा जन्मज्य गुप्ता के घर पर 127 बोरी धान अवैध रूप से भंडारित पाया गया। खाद्य अधिकारी खुमेश्वर सिंह ने बताया कि उक्त व्यक्ति के घर पर धान भंडारण की सूचना मिली थी। जिसके पश्चात एसडीएम प्रवीण तिवारी के मार्गदर्शन में राजस्व, खाद्य और मंडी विभाग की संयुक्त टीम जांच के लिए मौके पर पहुंची। वहां भंडारित धान के संबंध में जब व्यक्ति से पूछा गया तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। जांच दल के द्वारा अवैध रूप से भंडारित 127 बोरी धान को मंडी नियमों के तहत जप्त किया गया। इसी तरह लैलूंगा ब्लॉक के झगरपुर में मुकेश कुमार अग्रवाल के यहां 180 बोरी और सुरेंद्र कुमार अग्रवाल के यहां से 100 बोरी धान अवैध रूप से भंडारित पाए जाने पर मंडी नियमों के तहत संयुक्त जांच दल द्वारा जप्त किया गया। गौरतलब है कि 14 नवंबर से शुरू हो रहे धान खरीदी के दौरान अवैध धान की आवक रोकने सीमावर्ती इलाकों में 14 स्थानों पर चेक पोस्ट बनाए गए हैं। जहां 24 घंटे मॉनिटरिंग के लिए निगरानी दल तैनात रहेंगे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480